प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 17.07.2024

जनपद सोनभद्र

सोनभद्र पुलिस का अनवरत प्रहार, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, एक अदद ट्रक में कुल 150 किग्रा मादक पदार्थ गांजा (गांजा व ट्रक का कुल अनुमानित कीमत रुपये 50 लाख) बरामद-

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस के निरन्तर प्रहार की कड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यायल) श्री कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 चारू द्विवेदी के पर्यवेक्षण में दिनांक 17.07.2024 को थाना रॉबर्ट्सगंज व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा अपने प्रभावी आसूचना संजाल के इनपुट से समय 12.44 बजे थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर राधे कृष्ण ढाबा हिन्दुआरी के पास से 01 अदद ट्रक संख्या WB 39 B 0434 के डाला में तिरपाल के नीचे छिपाकर उड़ीसा प्रान्त से गांजा लोड करके रॉबर्ट्सगंज के रास्ते मीरजापुर ले जा रहे 150 किग्रा अवैध गांजा (अनुमानित कीमत गांजा रुपये 20 लाख) के साथ 02 नफर अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-514/2024 धारा 8/20/29/60 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों से पूछताछ करने पर बताया कि गाड़ी में लदा यह माल रामदरश मालवीय व उनके पुत्र अभय मालवीय निवासी ग्राम तीता बरयां थाना हलिया जनपद मीरजापुर का है। जिसे लेने के लिए हम सभी लोग उड़िसा गये थे जहां से 90 हजार रुपये के किराये पर इस ट्रक में गांजा भरकर रामदरश व अभय मालवीय वापस चले आये। हम दोनों पुलिस से बचते बचाते माल लेकर माल लेकर मीरजापुर उनके पास जा रहे थे।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण –

01. चंद्रेश उर्फ बब्बू यादव पुत्र लल्लन यादव निवासी ग्राम देवरी थाना पड़री जिला मिर्जापुर।
02. टहल सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी ग्राम पकीवा थाना कलानौर जिला गुरुदासपुर पंजाब (वाहन चालक)।

वांछित अभियुक्त का विवरण-

01. अभय मालवीय पुत्र रामदश मालवीय निवासी ग्राम तीता बरयां थाना हलिया जनपद मीरजापुर।
02. रामदश मालवीय निवासी ग्राम तीता बरयां थाना हलिया जनपद मीरजापुर।

बरामदगी का विवरण-

1. 150 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित कीमत गांजा 20 लाख रुपये)

2. 01 अदद ट्रक संख्या WB 39 B 0434 (अनुमानित कीमत 30 लाख रुपये)।

गिरफ्तारी /बरामदगी में सम्मिलित पुलिस टीम का विवरणः-

01. निरीक्षक रामस्वरुप वर्मा, प्रभारी एसओजी टीम, जनपद सोनभद्र।

02. प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र राय थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।

03. उ0नि राजेश जी चौबे प्रभारी सर्विलांस सेल, जनपद सोनभद्र।

04. हे0का0 सतीश सिंह पटेल, का0 अजीत कुमार यादव, का0 प्रेमप्रकाश चौरसिया स्वाट/एसओजी टीम जनपद सोनभद्र।

05. हे0का0 प्रकाश सिंह, हे0का0 अमित सिंह, हे0का0 सौरभ राय सर्विलांस टीम जनपद सोनभद्र।

06. हे0का0 नन्दलाल राम, का0 सरोज आशीष कुमार, का0 शशिकान्त थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।

प्रेस नोट